तापमान
अधिकतम 37.3 डिग्री से.
न्यूनतम 20.7 डिग्री से.

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

14 धान खरीद प्रक्रिया में नहीं आनी चाहिए दिक्कत ...



14 सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पात्रों को ...



खबर संक्षेप

शाहबाद में रेलवे ट्रैक पर मिले शव की पहचान

कुरुक्षेत्र। शाहाबाद में ढोला माजरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से जान गंवाने वाले किशोर की पहचान गांव मदनपुरा निवासी 17 वर्षीय अनुराग के रूप में हुई है। वह शाहाबाद के निजी स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था। गुरुवार को वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। शुक्रवार सुबह परिजनों ने एलएनजेपी अस्पताल में स्कूल यूनिफॉर्म से उसकी पहचान की। परिजनों के अनुसार, अनुराग बुधवार सुबह स्कूल गया था, लेकिन घर नहीं लौटा। वह दो बहनों का इकलौता भाई था। जीआरपी ने इत्तेफाकिया रिपोर्ट दर्ज की है।

साइबर ठगों ने युवक से ठग लिए ढाई लाख रुपये

यमुनानगर। साइबर ठगों ने निवेश करके अच्छी कमाई करने का झांसा देकर युवक से ढाई लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव पांसरा निवासी अंकित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 7 जनवरी से 21 मार्च 2026 के बीच उसके मोबाइल फोन पर इनकॉइन पे ऐप के माध्यम से निवेश करवाया गया। इस दौरान उससे कुल 2 लाख 50 हजार रुपये की रकम निवेश के नाम पर ली गई।

कार्ड बनवाने के नाम पर बुजुर्ग से 97,920 रुपये ठगे

यमुनानगर। जगाधरी के विष्णु नगर निवासी 60 वर्षीय सुरेंद्र कुमार का मोबाइल हैक कर अज्ञात व्यक्ति ने बैंक खाते से 97,920 रुपये निकाल लिए। आरोपी ने पेंशन कार्ड बनवाने के नाम पर बुजुर्ग से संपर्क किया था। इसी दौरान उसका मोबाइल हैक कर खाते से रकम निकाल ली। बैंक खाते से पैसे निकलने का पता चलने पर सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोदाम से हजारों रुपये का सामान चोरी

यमुनानगर। नालागढ़ स्थित काले तेल के गोदाम से चोर ट्रकों की बैटरियां, कॉपर वायरिंग समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। जगाधरी के गांधी धाम निवासी मौर्य वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को गोदाम पर ताला लगाकर घर चला गया था। सुबह पहुंचने पर गोदाम में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर बैटरियां और कॉपर वायरिंग समेत अन्य सामान गायब मिला। उसने सीसीटीवी फुटेज देखी तो एक व्यक्ति सामान चोरी करके ले जाता दिखाई दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जेवर और रुपये लेकर नवविवाहिता लापता

समालखा। चुलकाना धाम पुलिस चौकी क्षेत्र से छह माह पहले शादी करके आई नवविवाहिता घर से सोने-चांदी के जेवर और 40 हजार रुपये लेकर लापता हो गई। पति की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। महिला बिहार के समस्तीपुर जिले के जटमलपुर गांव की निवासी है। पुलिस ने महिला की तलाश में सहयोग के लिए समस्तीपुर पुलिस से भी संपर्क किया है।

स्कूल बस की टक्कर से महिला टीचर की मौत

पानीपत। गोहाना रोड बाईपास पर शुक्रवार सुबह स्कूल बस की चपेट में आने से 35 वर्षीय शिक्षिका शीतल निवासी न्यू मुखीजा कॉलोनी की मौत हो गई। वह स्कूटी से गांव छिछड़ाना स्थित ऋषिकुलम स्कूल जा रही थी। राहगीर उसे सिविल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया

सलारपुर रोड पर एक घंटे तक प्रभावित रहा यातायात

मंडी में धान के कट्टे रखने पर भड़के सब्जी विक्रेताओं ने लगाया जाम

दुकानों के सामने कट्टे रखे होने से फल-सब्जियों का कारोबार हो रहा प्रभावित

- मार्केट कमेटी सचिव ने कट्टे हटवाने का दिया आश्वासन इसके बाद खोला जाम
- ग्राहकों के दुकानों तक नहीं पहुंच पाने से आढ़तियों और विक्रेताओं को हो रहा आर्थिक नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सब्जी मंडी में धान के कट्टे रखे जाने से नाराज सब्जी विक्रेताओं ने शुक्रवार सुबह सलारपुर रोड पर जाम लगा दिया। सुबह करीब 9:30 बजे से 10:30 बजे तक लगभग एक घंटे तक जाम लगाए जाने से सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। सब्जी विक्रेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले छह दिनों से मंडी में धान के कट्टे पड़े हैं, जिससे सब्जी और फल विक्रेताओं का कारोबार प्रभावित हो रहा है। सब्जी विक्रेता राजवीर और राजकुमार ने बताया कि मंडी में बड़ी संख्या में धान के कट्टे रखे हुए हैं। कई जगह आढ़तियों की दुकानों के सामने ही कट्टे रख दिए गए हैं। इससे ग्राहकों और स्थानीय दुकानदारों को दुकानों तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि रास्ते बाधित होने के कारण ग्राहक मंडी में आने से कतराते हैं, जिससे फल और सब्जियों की बिक्री प्रभावित हो रही है। आढ़तियों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विक्रेताओं ने बताया कि इस समस्या से मार्केट कमेटी के सचिव को भी अवगत कराया गया था, लेकिन उनकी शिकायत का समाधान नहीं हुआ। इसके चलते उन्हें विरोध स्वरूप सड़क पर उतरकर जाम लगाना पड़ा। जाम की सूचना मिलने पर एसएचओ ट्रैफिक रामकरण पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जाम लगा रहे लोगों को समझाकर सड़क से हटने की अपील की। वहीं, मौके पर पहुंचे मार्केट कमेटी के सचिव हरजीत सिंह ने आढ़तियों और स्थानीय दुकानदारों से बातचीत की। उन्होंने दुकानों के सामने रखे धान के कट्टे हटवाने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद सब्जी विक्रेताओं ने जाम खोल दिया। इसके बाद सड़क पर यातायात सामान्य हुआ।



कुरुक्षेत्र। सलारपुर रोड पर जाम लगाते सब्जी विक्रेता। फोटो : हरिभूमि



थानेसर सब्जी मंडी में लगे धान के ढेर।

लाडवा अनाज मंडी गेट के पास सुबह 5:30 बजे हादसा

ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, ढाबे की दीवार टूटी

- केबिन में फंसे चालक के सिर में आई चोटें, अस्पताल पहुंचाया
- गनीमत रही कि ढाबा बंद होने से कोई कर्मचारी घायल नहीं हुआ, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

लाडवा में शुक्रवार सुबह करीब 5:30 बजे अनाज मंडी गेट के पास गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक ने धान से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पास के ढाबे की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गई। हादसे में ट्रक चालक केबिन में फंस गया, जिसे राहगीरों और पुलिस की मदद से बाहर निकालकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। चालक के सिर में चोट लगी है। टाटका गांव निवासी किसान गुरजीत सिंह धान लेकर मंडी जा रहा था। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया और ट्रैक्टर-ट्रॉली ढाबे में घुस गई। ट्रॉली का पिछला हिस्सा खुलने से धान ट्रक के केबिन में जा घुसी, जिससे उसके आगे के दोनों शीशे टूट गए। राहगीरों ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को बाहर निकलवाया। ट्रक गैस सिलेंडर लेकर यमुनानगर जा रहा था। हादसे के समय ढाबा बंद था और उसकी ऊपरी मंजिल पर कर्मचारी सो रहे थे। गनीमत रही कि कोई कर्मचारी घायल नहीं हुआ। पुलिस ने ट्रक को हटवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती तौर पर हादसे का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।



करनाल: 10.29 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की करनाल यूनिट ने मेरठ रोड पर शुगर मिल के पास नहर पुल के नीचे एक युवक को 10.29 ग्राम स्मैक/हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है। यूनिट प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल के अनुसार, आरोपी की पहचान शेखपुरा निवासी राजीव उर्फ राजू के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर नशीले पदार्थ की आपूर्ति के स्रोत और उत्तर प्रदेश से जुड़े नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।



एमएसपी पर खरीदा जाएगा धान का एक-एक दाना

कृषि मंत्री ने इंद्री अनाज मंडी में खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को इंद्री अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने और किसानों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि धान उठान में तेजी लाने के लिए जरूरत पड़ने पर राइस मिलर्स के वाहनों की मदद ली जाएगी। खरीद में पारदर्शिता के लिए जिओ-फेंसिंग, बायोमीट्रिक सत्यापन और गेट पास व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत अधिक पैदावार वाले पात्र किसानों का धान भी एमएसपी पर खरीदा जाएगा।



मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष ने समालखा मंडी का निरीक्षण किया

समालखा। समालखा अनाज मंडी के अंदर हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट ने धान खरीद का निरीक्षण किया। इस दौरान अनाज मंडी के अंदर चेयरमैन वेदपाल ने मार्केटिंग विभाग के सभी कर्मचारी, सेक्रेटरी के साथ मंडी की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की। मंडी में आढ़ती व किसानों को लेकर दी जानकारी। सभी सुविधाओं व धान उठान व खरीद का जय जायजा लिया। वहीं चेयरमैन ने धान खरीद की बोली भी मौके पर कराई और कांटे पर धान की बोरियों का तोल भी कराया गया और किसानों की समस्याएं सुनी तथा सभी सुविधा किसानों, आढ़तियों को देने के लिए आश्वासन दिया गया। इस दौरान अनाज मंडी के सचिव, अनाज मंडी अध्यक्ष विनय जैन, जिला पार्षद प्रतिनिधि विपिन पांचाल सनौली, विनोद छौक्कर, सुभाष कुहाड़, विनोद छौक्कर अनाज मंडी बापौली प्रधान, कमल संधू, राजकुमार काली रमण, कुलदीप कौशिक, राममेहर त्यागी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



मृत मिला 23 किलोग्राम वजनी अजगर, मौत का कारण संदिग्ध

अंबाला। गांव उज्जल माजरी में शुक्रवार दोपहर सड़क किनारे करीब 10 फीट 3 इंच लंबा और 23 किलो वजनी मादा अजगर मृत मिला। उसके गले में रस्सी बंधी थी और सिर पर चोट के निशान भी बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर वंदे मातरम दल और वन्यजीव विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बाद में पांच डॉक्टरों के पैनल ने अजगर का पोस्टमार्टम किया। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।वंदे मातरम दल के सदस्य भरत के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे एक ग्रामीण ने सड़क किनारे अजगर को मृत देखा था। सूचना पर वन्यजीव विभाग के वन रक्षक अक्षय और हिमाचल के डिप्टी रेंजर साबिर खान भी मौके पर पहुंचे। जांच में अजगर मादा पाया गया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

भरत ने बताया कि अजगर के गले में रस्सी और सिर पर चोट के निशान मिलने से मामला संदिग्ध लग रहा है, लेकिन मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। रिपोर्ट आने में करीब दो दिन लग सकते हैं। टीम आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटा रही है।



फर्जी दस्तावेजों से वाहन बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

अंबाला। पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को गाड़ियां बेचने और वाहन चोरी करने वाले एक शातिर अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए इसके मुख्य आरोपी को दबोच लिया है। इस मामले में पुलिस अब तक कुल तीन गाड़ियां बरामद कर चुकी है। दरअसल 22 मई 2025 को शिकायतकर्ता मंजीत सिंह ने थाना नग्गल में एक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी नितिन कुमार और उसके साथियों ने सोची-समझी साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उन्हें पंजाब नंबर की एक गाड़ी बेचकर ठगी को अंजाम दिया था। इस शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पहले ही मामले के सिंबला के रहने वाले आरोपी नितिन कुमार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया। अब पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी गुरविंदर सिंह निवासी गांव बैंका जिला तरनतारन पंजाब को गिरफ्तार किया। पूछताछ और रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि आरोपी गुरविंदर सिंह एक बेहद शातिर अपराधी है।

- पंजाब के तरनतारन निवासी गुरविंदर सिंह को दबोचा

प्रदेशभर के कर्मी पिपली स्थित देवीलाल पार्क में हुए एकत्रित

6000 रुपये वेतन में गुजारा मुश्किल सीपीएलओ कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- जीटी रोड की ओर कूच करते कर्मियों को पुलिस ने रोका, दोनों पक्षों में हुआ आमना-सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा में सीपीएलओ कर्मचारियों ने वेतन बढ़ाने और तकनीकी वेतनमान के अनुसार मानदेय देने की मांग को लेकर शुक्रवार को पिपली स्थित देवीलाल पार्क में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। प्रदेशभर से पहुंचे कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि महज छह हजार रुपये मासिक वेतन में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने सरकार से उनका मानदेय बढ़ाने की मांग की। सीपीएलओ के प्रधान विजय ने कहा कि कर्मचारी पिछले करीब ढाई साल से नौकरी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल छह हजार रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है। इतनी कम राशि में परिवार का गुजारा करना बेहद कठिन है। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारी एक दिन भी ड्यूटी पर नहीं पहुंचता तो उसके वेतन में कटौती कर दी जाती है। ऐसे में कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान विजय ने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि सीपीएलओ कर्मचारियों से बीएलओ का काम भी करवाया गया, लेकिन उनकी जिम्मेदारियों के अनुरूप वेतन नहीं दिया जा रहा। कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें तकनीकी वेतनमान के अनुसार वेतन दिया जाए।



कुरुक्षेत्र। सीपीएलओ को जीटी रोड की ओर कूच करने पर रोकती पुलिस।

खेतों में शौच के लिए गए व्यक्ति की संदिग्ध हालात में हुई मौत

यमुनानगर। खेतों में शौच के लिए गए कंबाइन चालक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक पंजाब से कंबाइन लेकर साढ़ौरा क्षेत्र के गांव कुराली में धान काटने के लिए आया हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले में जांच शुरू कर दी। आशंका जताई जा रही है कि मृतक की मौत हार्ट अटैक आने से हुई है। जानकारी के मुताबिक पंजाब के बरनाला निवासी गुरजंट सिंह (45) कंबाइन पर चालक के तौर पर काम करता था। वह पांच दिन पहले ही पंजाब के बरनाला से धान की फसल की कटाई करने के लिए कंबाइन लेकर जिले के साढ़ौरा क्षेत्र के गांव कुराली में पहुंचा था। बताया गया है कि मृतक गुरजंट सिंह खेतों में शौच के लिए गया था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा।

- आशंका जताई जा रही है कि मृतक की मौत हार्ट अटैक आने से हुई

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान झींडा ने उठाया मुद्दा

गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी साहिब का स्थान सिखों को देने की अपील

तीन ऐतिहासिक गुरुद्वारों का प्रबंध सिख कौम को सौंपने की मांग

- गुरुद्वारा डांग मार साहिब का प्रबंध वापस देने की मांग, केंद्र और सिक्किम सरकार को लिखा पत्र
- ऐतिहासिक गुरुद्वारों से जुड़े सिख कौम के धार्मिक अधिकारों का हो सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने शुक्रवार को पत्रकारों से रुबरु हो कर सिख कौम के बहुत ही अहम मुद्दे उठाए। उन्होंने मीडिया के सामने श्री गुरु नानक देव जी महाराज के जीवन से जुड़ी यात्राओं का जिक्र करते हुए तीन ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान का प्रबंध सिख कौम को देने की मांग देने की मांग उठाई है। जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने बताया कि तीसरी यात्रा के दौरान श्री गुरु नानक देव जी महाराज जब सिक्किम पहुंचे तो वहां की संगत ने उनके समक्ष पानी की समस्या का जिक्र किया, जिसके बाद गुरु साहिब ने अपने हाथ में पकड़ी डांग (लाठी) को ग्लेशियर में मारा और वहां एक कुंभ बन गया। इसके बाद वहां की संगत है इसी कुंभ से जीवन यापन के लिए पानी का प्रयोग करने लगी। प्रधान के मुताबिक सन 1982 तक वहां गुरुद्वारा साहिब सुशोभित रहा, जोकि गुरुद्वारा डांग मार साहिब के नाम से प्रसिद्ध है। वोट की राजनीति करते हुए वहां की सरकार ने अब इस ऐतिहासिक स्थान को बौद्ध धर्म के हवाले कर दिया है जो की बिल्कुल भी उचित नहीं है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने इस मुद्दे को उठाते हुए उपरोक्त स्थान पर फिर से गुरुद्वारा साहिब बनाने की मांग की है। अपनी इस मांग को लेकर उन्होंने देश के गृहमंत्री अमित शाह और सिक्किम के सीएम को पत्र लिखा है। हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने श्री गुरु नानक देव जी के जीवन से जुड़ी एक और घटना का जिक्र करते हुए बताया कि हरिद्वार में गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी साहिब पर भी भाजपा सरकार ने केंद्र सरकार को एक ट्रस्ट बनाकर दे दिया है जो की सरासर अनुचित है। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर देश के गृहमंत्री अमित शाह को और उत्तराखंड के सीएम को पत्र लिखकर वह स्थान सिखों को देने अपील की है।



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश झींडा।

यमुनानगर: मकान में छापा, एक क्विंटल एनालॉग पनीर बरामद

- इकाई के पास लाइसेंस नहीं होने की बात आई सामने, जांच रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगी गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर में सस्ते पनीर के नाम पर लोगों की सेहत से खिलवाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। गांधी नगर में एक घर के अंदर कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित की जा रही पनीर निर्माण इकाई पर फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान टीम ने करीब एक क्विंटल एनालॉग पनीर बरामद किया। विभाग ने पनीर का सैंपल लेने के बाद शेष पनीर को गड्ढा खोदकर जमीन में दबा दिया। टीम का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा विभाग के फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. गुलाब ने किया।

फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. गुलाब ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर मकान में छापामारी की गई है। छापामारी के दौरान मौके से करीब एक क्विंटल एनालॉग पनीर बरामद हुआ है। विभाग ने नियमानुसार उसका सैंपल लिया और इसके बाद बरामद पनीर को गड्ढा खोदकर जमीन में दबा दिया। बताया गया है कि यह इकाई मोतिहारी निवासी एक व्यक्ति द्वारा संचालित की जा रही थी। आरोप है कि यहां तैयार पनीर को करीब 240 रुपये प्रति किलो के हिसाब से जिले की डेयरी दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबों और कैटरिंग कारोबार से जुड़े लोगों को सप्लाई किया जा रहा था। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पनीर की गुणवत्ता के बारे में पता चल सकेगा। टीम के सूत्रों के मुताबिक इकाई के पास खाद्य कारोबार से संबंधित आवश्यक लाइसेंस या प्रमाणपत्र नहीं थे। बताया गया है कि पनीर को कथित तौर पर पिछले करीब तीन वर्षों से बाजार में सप्लाई किया जा रहा हैं । यदि जांच में इन तथ्यों की पुष्टि होती है तो यह खाद्य सुरक्षा नियमों के अनुपालन को लेकर गंभीर मामला होगा।



न्यूज डायरी

सट्टा खाईवाली करते दो आरोपी गिरफ्तार

करनाल। करनाल पुलिस ने सट्टा खाईवाली के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 3280 रुपये की नकदी बरामद की है। पहले मामले में पुलिस ने राजीवपुरम कॉलोनी, करनाल निवासी सुनील कुमार को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1570 रुपये बरामद हुए। वहीं, दूसरे मामले में मधुबन थाना पुलिस ने गांव कालरोन, करनाल निवासी मोहन को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 1710 रुपये की नकदी बरामद की गई। करनाल पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे सट्टेबाजी सहित अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहें। यदि कहीं सट्टेबाजी या किसी अन्य गैरकानूनी गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

करनाल। पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 बोतल देसी शराब और 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक करन गोयल के निर्देश पर जिले में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की।

77.57 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी पकड़े

करनाल। पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 77.57 ग्राम स्मैक और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। एक आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल के निर्देश पर पहली कार्रवाई में थाना बुटाना के अंतर्गत पुलिस चौकी नीलोखेड़ी की टीम ने चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुल्तान सिंह के नेतृत्व में अमृतपाल उर्फ कृष निवासी स्टेशन एरिया, नीलोखेड़ी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से सात ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस संबंध में थाना बुटाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। अदालत ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

बाजारों में खरीदारी करते समय रहें सतर्क : एसपी

करनाल। त्योहारों के मद्देनजर बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने लोगों से खरीदारी के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाजारों, दुकानों, धार्मिक स्थलों और बस अड्डों जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जेबतराशी, चोरी तथा वाहन चोरी की घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में नागरिक अपने मोबाइल फोन, पर्स, नकदी, आभूषण और अन्य कीमती सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। एसपी करन गोयल ने कहा कि त्योहार खुशियों और आपसी भाईचारे का प्रतीक हैं। सभी नागरिकों को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए, ताकि त्योहारों का आनंद बिना किसी परेशानी के लिया जा सके। खरीदारी करते समय आसपास की गतिविधियों पर नजर रखें और सामान को बिना निगरानी के न छोड़ें। पर्स सुरक्षित स्थान पर रखें और मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते समय भी सावधानी बरतें।

महापौर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं



करनाल। नगर निगम कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों में शीघ्र कार्रवाई करने को कहा गया। जनसुनवाई के दौरान महापौर ने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को समझा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतें दर्ज करना नहीं, बल्कि लोगों को राहत पहुंचाना है। शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि नागरिकों को अपने काम के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। महापौर ने कहा कि सफाई व्यवस्था, सड़कों की स्थिति, जल निकासी और पथ प्रकाश जैसी सुविधाएं लोगों के दैनिक जीवन से सीधे जुड़ी हैं। इन व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयास कर रहा है।

रेणु बाला ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से किया संवाद

करनाल। नगर निगम में वर्षों तक सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों से शुक्रवार को महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूर्व कर्मचारियों का हालचाल जाना और उनके सेवाकाल के अनुभवों सहित नगर निगम से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। नगर निगम कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान महापौर ने कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने में कर्मचारियों की मेहनत, अनुभव और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका अनुभव और संस्थान के प्रति जुड़ाव महत्वपूर्ण बना रहता है। रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों के साथ उनका रिश्ता केवल कार्यालय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वर्षों के साथ इसमें पारिवारिक आत्मीयता भी जुड़ी है। ऐसे संवाद पुराने साथियों से मिलने, उनका हालचाल जानने और उनके अनुभव सुनने का अवसर देते हैं। शहर के विकास में योगदान देने वाले कर्मचारियों की सेवाओं को सम्मान के साथ याद रखना जरूरी है। इस अवसर पर महापौर ने शकुंतला एवं सुदर्शना भागवती को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। उन्होंने 'मेरा करनाल, मेरा परिवार—सेवा ही सरोकार' की भावना दोहराते हुए कहा कि पुराने साथियों के साथ संपर्क बनाए रखना आपसी सम्मान और अपनत्व को मजबूत करता है।

कांग्रेस नेताओं को नजरबंद करना लोकतंत्र पर प्रहार



करनाल। राहुल गांधी के समर्थन में 10 अक्तूबर को दिल्ली में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी), करनाल के अध्यक्ष पराग गाबा को घर में नजरबंद किए जाने पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रोष जताया है। पराग गाबा के अनुसार, उन्हें 8 अक्तूबर की रात घर में नजरबंद रखा गया। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए इसका आधिकारिक आधार स्पष्ट करने की मांग की है। पराग गाबा ने कहा कि जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की आवाज उठाने वालों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब विपक्ष आम आदमी के हक, उसके वोट और लोकतांत्रिक अधिकारों की बात करता है, तो उसे रोकने के लिए पुलिस कार्रवाई क्यों की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी कार्रवाइयां लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका को कमजोर करती हैं।

प्रकृति की रक्षा करना भी हमारी सबसे बड़ी सेवा



करनाल। महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय (एमएचयू), करनाल के बागवानी महाविद्यालय अंजनथली में वन विभाग के सहयोग से पौधारोपण अभियान चलाया गया। नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति ने विधायक का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि पौधे जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए। हरियाली के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ पौधों के पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करना भी जरूरी है। इससे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना भी सबसे बड़ी सेवा है। जलवायु परिवर्तन के कारण खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। असमय बारिश, गर्मी और सर्दी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ने के पीछे प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन भी एक कारण है।

हास्य कवि सम्मेलन की महफिल 11 को सजेगी



करनाल। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में नव चेतना मंच और श्री खाटू श्याम संकीर्तन मंडल की ओर से 11 अक्तूबर को हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। करनाल स्थित गोल्डन मोमेंट्स में शाम छह बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध कवि अपनी रचनाओं, हास्य और व्यंग्य के माध्यम से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। नव चेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान और श्री खाटू श्याम संकीर्तन मंडल के अंकुर गुप्ता ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य साहित्य और हास्य के माध्यम से लोगों को जोड़ना तथा सामाजिक सद्भाव और सकारात्मकता को बढ़ावा देना है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

कृषि मंत्री ने तरावड़ी मंडी में जानी किसानों की समस्याएं

जल्द बिकेगा धान, समय पर खातों में आएगी पेमेंट

- किसानों को आश्वासन,पोर्टल की समस्या मौके पर ही करवाई ठीक

हरिभूमि न्यूज ⏭| तरावड़ी



तरावड़ी। कृषि मंत्री कमेटी कार्यालय मे किसानों की समस्या सुनते हुए।

अनाज मंडी में धान की खरीद को लेकर पिछले कई दिनों से किसानों को आ रही समस्याओं के बीच शुक्रवार को हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मंडी पहुंचे। उन्होंने मार्केट कमेटी कार्यालय में अधिकारियों, किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर खरीफ फसलों की खरीद की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनकी फसल की खरीद से लेकर उठान और भुगतान तक की प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचने पर एसडीएम अशोक कुमार और मार्केट कमेटी सचिव अरविंद कुमार ने कृषि मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद कृषि मंत्री ने मंडी में मौजूद किसानों से सीधा संवाद करते हुए धान की खरीद, नमी की मात्रा, पोर्टल पर आ रही दिक्कतों, फसल के उठान और भुगतान से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने भी अपनी परेशानियां खुलकर उनके सामने रखीं। कृषि मंत्री के मंडी पहुंचने के दौरान गांव पुंडरक के एक किसान ने पोर्टल से संबंधित समस्या उनके सामने रखी। इस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मौके पर ही किसान की पोर्टल संबंधी समस्या को ठीक करवा दिया। इससे स्पष्ट हुआ कि किसानों को खरीद प्रक्रिया के दौरान आने वाली तकनीकी दिक्कतों का समय रहते समाधान करना आवश्यक है, ताकि उनकी फसल की खरीद में अनावश्यक देरी न हो।

खरीद प्रक्रिया सुचारु रखने के निर्देश

कृषि मंत्री के दौरे के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मंडी की व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि खरीद प्रक्रिया में किसानों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। फसल की खरीद, उठान और भुगतान की प्रक्रिया में आपसी तालमेल बनाए रखते हुए काम किया जाए, ताकि मंडी में आने वाले किसानों को राहत मिल सके। कृषि मंत्री के दौरे से किसानों और आढ़तियों को उम्मीद जगी है कि धान की खरीद में तेजी आएगी और मंडी में पिछले कई दिनों से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। अब किसानों की नजर इस बात पर रहेगी कि अधिकारियों के आश्वासन के अनुसार खरीद, उठान और भुगतान की प्रक्रिया कितनी तेजी से आगे बढ़ती है। इसके साथ ही खरीदे गए धान का उठान भी बिना अनावश्यक देरी के करवाया जाए, ताकि मंडी में फसल जमा न हो और किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। बूथों के आढ़तियों के लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को जल्द आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। किसानों और आढ़तियों ने अपनी अन्य समस्याएं मंत्री के सामने रखीं, जिनके समाधान का उन्होंने भरोसा दिलाया।

धान में नमी को लेकर किसानों ने उठाए सवाल

मंडी में धान की खरीद के दौरान नमी की मात्रा को लेकर भी किसानों ने कृषि मंत्री से सवाल-जवाब किए। किसानों का कहना था कि नमी के मुद्दे के कारण उनकी फसल की खरीद प्रभावित हो रही है। इस पर कृषि मंत्री ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी फसल की खरीद जल्द से जल्द करवाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस किसान की फसल बिक जाएगी, उसकी पेमेंट भी नियमानुसार उसके बैंक खाते में पहुंच जाएगी। मंत्री ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से भी बातचीत की और उन्हें निर्देश दिए कि मंडी में पहुंचने वाली फसल की खरीद समय पर की जाए।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम अशोक कुमार, डीएसपी सोनू नरवाल, मार्केट कमेटी के चेयरमैन रणदीप चौधरी, मार्केट कमेटी सचिव अरविंद कुमार, मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी तथा तीनों खरीद एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

दंगल में बाल पहलवानों ने दिखाया दमखम



करनाल। गांव सग्गा स्थित प्राचीन गुफा मंदिर में परम पूज्य आचार्य गुरु श्री सुखानंद जी महाराज की 25वीं पुण्यतिथि पर विशाल खीर भंडारे और बाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ में आहुति डालकर गुरु महाराज को नमन किया। हवन संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक आस्था और ग्रामीण खेल परंपरा के संगम वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। दोपहर तीन बजे शुरू हुए बाल कुश्ती दंगल में नन्हे पहलवानों ने अपने दमखम, फुर्ती और दांव-पेचों का प्रदर्शन किया। मुकाबले देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। पहलवानों के शानदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में ऊधम सिंह पहलवान, अनिल राणा गुरुलहान पहलवान, रामप्रसाद पहलवान, कन्नू पहलवान, दीपक शर्मा पहलवान, सावन पहलवान, कृष्ण मास्टर, प्रदीप भूरा राणा, देवेंद्र राणा, प्रवीन राणा, सुभाष चंद्र फौजी राणा, अमन भारद्वाज, रजनीश राणा, मनीष राणा, मोहित राणा, सोहन प्रजापत, अंकित प्रजापत, बिट्टू प्रजापत और विशाल राणा का सहयोग रहा।

विद्यार्थियों के लिए जागरूकता शिविर



करनाल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को झुग्गी झोपड़ी इलाका, नजदीक कैथल पोल में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने बताया कि झुग्गी झोपड़ी इलाका में रह रहे बच्चों को अध्यापक जय करण शास्त्री व उम्मीद पाठशाला के अध्यापकों द्वारा बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। अधिवक्ता सचिन कुमार ने बच्चों को बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला-बाल अधिकारों बारे जागरूक किया और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता बारे जानकारी दी। इस मौके पर उपस्थित , राम नगर के थाना प्रभारी दीपचंद में बच्चों को 'पुलिस आपकी पहली मित्र' के अंतर्गत पुलिस की भूमिका, अपराधों से बचाव, अपराध की पहचान तथा अपराधिक मानसिकता को समझने बारे जानकारी दी और साइबर सुरक्षा व आनलाइन ग्रूमिंग से बचाव बारे जागरूक किया।

मकान से 30 तोले सोने के आभूषण चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭| करनाल



करनाल पुलिस ने घर से सोने के आभूषण चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है। सीआईए-3 की टीम ने आरोपियों से चोरी किए गए 30 तोले सोने के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। डीएसपी शहर राजीव कुमार, एचपीएस ने प्रेस वार्ता में बताया कि गांव उपली निवासी जसपाल सिंह पुत्र जसवंत सिंह ने थाना घरौंडा में शिकायत देकर अपने घर से सोने के आभूषण चोरी होने की सूचना दी थी। शिकायत के आधार पर 6 अक्तूबर 2026 को थाना घरौंडा में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपियों की पहचान और चोरीशुदा संपत्ति की बरामदगी के प्रयास शुरू किए। सीआईए-3 प्रभारी निरीक्षक संदीप सांगवान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान हर्षप्रीत पुत्र तरणजीत निवासी गांव उपली, थाना घरौंडा और मनदीप तशाम पुत्र पवन कुमार निवासी गांव रसिन, थाना मधुबन, जिला करनाल के रूप में हुई है। पुलिस ने चोरी किए गए 30 तोले सोने के आभूषण बरामद किए।

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में दिखी प्रतिभा

करनाल। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में विभिन्न राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित और तकनीक पर आधारित मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में गणितीय मॉडलिंग एवं संगणनात्मक चिंतन, हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आपदा प्रबंधन तथा ग्रामीण परिवहन विषयों पर विद्यार्थियों ने अपनी परियोजनाएं प्रदर्शित कीं। खंड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार और जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने वैज्ञानिक अवधारणाओं और व्यावहारिक उपयोग को समझा। में अनूप और सभी खंड संसाधन व्यक्तियों ने मुख्य भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से रचनात्मकता, तार्किक चिंतन, समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता का परिचय दिया। स्मार्ट पार्किंग, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, भूकंपरोधी मकान और जैसे विषयों पर आधारित परियोजनाओं के जरिए विज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़ने का प्रयास किया गया।

राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

स्पर्धाओं में वसुंधरा व दीपचंद का रहा दबदबा

- 47वीं दो दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭| करनाल



पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में शुक्रवार को 47वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनिल गर्ग ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने खेल मैदान में मार्च पास्ट किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल गर्ग ने कहा कि देश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेते हुए मेहनत, एकाग्रता और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। खेलों में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण भागीदारी है। खेल विद्यार्थियों की शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक क्षमता के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

पहले दिन के परिणाम

800 मीटर लड़कों की दौड़ में दीपचंद प्रथम, ऋषि द्वितीय और कमलदीप तृतीय रहे। लड़कियों की 800 मीटर दौड़ में वसुंधरा ने पहला, राजन ने दूसरा और नीशू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 1500 मीटर दौड़ में दीपचंद प्रथम, कमलदीप द्वितीय और करण तृतीय रहे। 400 मीटर लड़कियों की दौड़ में वसुंधरा प्रथम, रजनी द्वितीय और अन्नू तृतीय रही। लड़कों की 400 मीटर दौड़ में कमलदीप प्रथम, दीपचंद द्वितीय और आदित्य तृतीय रहे। लड़कों की 200 मीटर दौड़ में कमलदीप प्रथम, लोविश द्वितीय और दीपचंद तृतीय रहे। लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में वसुंधरा प्रथम, रीतू द्वितीय और रजनी तृतीय रही।

न्यूज डायरी

समूहगान प्रतियोगिता में जेपीएस अकादमी प्रथम



करनाल। भारत विकास परिषद अभिमन्यु शाखा की ओर से मानव सेवा संघ में राष्ट्रीय समूहगान एवं संस्कृत समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में छह विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। जेपीएस अकादमी ने प्रथम, प्रताप पब्लिक स्कूल जुंडला ने द्वितीय तथा एमएनएम पब्लिक स्कूल जुंडला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल में हरजिंदर कौर, शिवाली राज और जगमोहन शामिल रहे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नीना महाजन, महिला सहभागिता संयोजक मधु पाठक, संपर्क संयोजक दर्शन मदान, पर्यावरण संयोजक संतोष आर्या, आशा गुप्ता, सतीश मल्होत्रा और रजनीश चोपड़ा मौजूद रहे।

सीबीएसई राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में पांच मुकाबले



करनाल। करनाल के कैलाश हॉकी स्टेडियम में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता का आयोजन एसपीएस कॉन्वेंट स्कूल की ओर से किया जा रहा है। दूसरे दिन के मैचों की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और सामूहिक फोटो के बाद करवाई। दिन के अधिकांश मुकाबलों में टीमों ने एकतरफा जीत दर्ज की। अंडर-14 आयु वर्ग में द आर्मी पब्लिक स्कूल ने इंडियन पब्लिक स्कूल को 3-0 से हराया। ओपी जिंदल स्कूल ने सनबीम स्कूल को 3-0 से मात दी, जबकि गुरु ब्रह्मानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने संजीवन पब्लिक स्कूल को 4-1 से पराजित किया। अंडर-19 आयु वर्ग में सच्चिदानंद स्कूल, तमिलनाडु ने संजय घोडावत इंटरनेशनल स्कूल, कोल्हापुर को 16-0 से हराया। वहीं, श्री राम विद्या मंदिर, हरिद्वार ने इंडियन स्कूल, ओमान को 14-0 से पराजित किया। चैंपियनशिप 14 अक्तूबर तक चलेगी, जिसमें कुल 26 टीमें भाग ले रही हैं।

एसपी ने निसिंग व निगदू थानों का किया निरीक्षण



करनाल। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस ने थाना निसिंग और निगदू का निरीक्षण कर पुलिस की कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड और लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने थाना प्रभारियों को शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने और जांच निर्धारित समय में पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने साफ-सफाई, रखरखाव, शिकायत रजिस्टर, एफआईआर से संबंधित अभिलेखों और अन्य सरकारी दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड नियमानुसार व्यवस्थित रखा जाए और प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने, गंभीर अपराधों के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष प्रयास करने को कहा।

घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान पर भक्ति संगम



करनाल। इंद्री रोड स्थित घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान पर कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस पर भक्ति संगम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से हुआ। श्रद्धालुओं ने लोकमंगल और सर्वकल्याण की कामना की। साध्वी जागृति, पुष्पा गोयल, सुधा जैन और दिनेश जैन सहित श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। 'दादा अपने दर से अब तो न टालो', 'मुझे कौन पूछता था तेरी बंदगी से पहले' और 'तुम्हीं मेरी नैया, किनारा तुम्हीं हो' जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि भक्ति परमात्मा और दिव्य शक्तियों की कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ माध्यम है। निष्काम भक्ति अधिक फलदायी होती है।

महाराजा अग्रसेन जयंती 11 को मनाई जाएगी



घरौंडा। अग्रसेन भवन सभा व अग्रवाल युवा संगठन की बैठक अग्रसेन भवन में हुई। जिसमे 11 अक्टूबर दिन रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती मनाने को अंतिम रूप दिया गया है। जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी! सभा के मंत्री अमित गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता, अग्रवाल युवा के संगठन ने बताया कि 11 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा का अनावरण महाराजा अग्रसेन भवन रेलवे रोड में होगा । इससे पूर्व महाराजा अग्रसेन स्थल मंडी मनीराम में हवन यज्ञ किया जाएगा।

धान खरीद में मनमानी के आरोप



करनाल। अनाज मंडी में धान की खरीद को लेकर किसानों ने व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। किसानों का आरोप है कि मंडी में निजी खरीदार सरकारी खरीद एजेंसियों के निर्धारित भाव से कम कीमत पर धान खरीद रहे हैं। इससे किसानों को प्रति क्विंटल 300 से 400 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने खरीद व्यवस्था की निगरानी और शिकायतों पर कार्रवाई की मांग की है। किसान पंकज और राममेहर ने आरोप लगाया कि धान में नमी बताकर भाव कम लगाए जा रहे हैं। फसल सुखाने के बाद भी खरीदार कम कीमत दे रहे हैं। मंडी में धान का भाव करीब 2,170 रुपये प्रति क्विंटल लगाया जा रहा है, जबकि सरकारी खरीद का निर्धारित भाव 2,441 रुपये बताया गया।

घरेलू क्रिकेट को समर्थन देने पर जोर

करनाल। मुथूट फिनकॉर्प के संयुक्त प्रबंध निदेशक थॉमस जॉर्ज मुथूट ने कहा कि बीसीसीआई के साथ यह साझेदारी राष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर भारतीय क्रिकेट को समर्थन देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी शाजी वर्गीज के अनुसार क्रिकेट देश के लोगों के जीवन से गहराई से जुड़ा है और यह साझेदारी उनसे जुड़ने का व्यापक अवसर प्रदान करेगी। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने मुथूट फिनकॉर्प के टाइटल प्रायोजक के रूप में जुड़ने को भारतीय क्रिकेट की व्यापक पहुंच का परिचायक बताया। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि साझेदारी के माध्यम से खिलाड़ियों के लिए अवसर बढ़ाने और देशभर में क्रिकेट को प्रोत्साहित करने की दिशा में काम किया जाएगा।

तरावड़ी में स्वच्छता अभियान चलाया

तरावड़ी। सद्गुरु देव सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से तरावड़ी शहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान समिति के सदस्यों और समाजसेवियों ने विभिन्न सड़कों पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान तरावड़ी रेलवे फ्लाईओवर से लेकर सौकड़ा रोड और नड़ाना रोड तक सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में शामिल लोगों ने सड़कों के किनारे फैली गंदगी को एकत्रित किया और कचरे के ढेरों को उठाकर ट्रॉलियों में लोड किया, ताकि शहर को साफ-सुथरा बनाया जा सके। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व मानव उत्थान सेवा समिति करनाल के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने किया। वहीं महात्मा अंतरमुखी बाई जी और महात्मा सुभद्रा बाई जी के मार्गदर्शन में समिति के सदस्यों ने सेवा भाव के साथ सफाई कार्य में भाग लिया। अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना को मजबूत करना रहा।

अबेकस परीक्षा विजेताओं को किया सम्मानित

तरावड़ी। प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में पूर्व में आयोजित कक्षा एक से चार तक की अबेकस (संख्या पट्टी) परीक्षा के विजेता विद्यार्थियों के सम्मान में विद्यालय परिसर

खबर संक्षेप

खेतों से स्टार्टर व केबल चोरी

पानीपत। पानीपत के गांव सिवाह के चौटाला रोड स्थित खेतों में चोरों ने एक ही रात में कई किसानों की ट्यूबवेलों के स्टार्टर और केबल चोरी कर लिए। पीडित किसान सतबीर की शिकायत पर थाना हुडा सेक्टर-29 पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, चोरों ने सतबीर समेत संदीप, राजेंद्र, प्रवीण, अशोक और दिलबाग के खेतों में लगी ट्यूबवेलों से स्टार्टर व केबल चोरी किए। इधर, पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरी की इस बडी वारदात की जांच शुरू कर दी है।

बेहोश कर आईफोन व नगदी चोरी की

पानीपत। पानीपत के गांव सिवाह स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर दिल्ली जाने के लिए चंडीगढ़ डिपो की बस में सवार हुए विकास कुंडू निवासी पिल्लूखेडा जिला जींद को एक अनजान द्वारा पानी पिलाकर बेहोश करने और बाद में उसका सामान चोरी कर लिया है। होश आने पर विकास, भारत पैलेस, में मिला और उसका आईफोन समेत बैग गायब था। विकास कुंडू की शिकायत पर पानीपत के हुडा सेक्टर -29 थाना पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विश्व में भारत का रूतबा लगातार बढ़ रहा

पानीपत। जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा भाजपा पानीपत व राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कबीरपंथी समाज सभा सुभाष कबीरपंथी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन से जुडी पार्टियों देश का माहौल खराब करने में जुटी है। वहीं, कांग्रेस ने अपनी सत्ता के दौरान देश की जनता पर आपातकाल थोपा था, सत्ता में रहते हुए कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों ने हमेशा जनता को वोट बैंक समझ कर शोषण किया। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग गठबंधन की सरकार देश को तरक्की की राह पर ले आई है, देश हर मोर्चा पर तरक्की कर रहा है। विश्व में भारत का रूतबा लगातार बढ़ रहा है।

योग से शरीर रहता है निरोग :डॉ. सैनी

इसराना। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव इसराना में प्रार्थना सभा उपरांत योग प्रशिक्षक डॉ. सुरेश सैनी ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया। उन्होंने योग की विभिन्न क्रियाएं ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन व सूर्य नमस्कार के साथ साथ हाथों और पैरों को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न आसन भी करवाएं। प्राणायाम में भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाती क्रिया, अनुलोम - विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम के साथ ओम का उच्चारण भी करवाया। इस अवसर पर अजय शर्मा, राजेश कुमार, संजीव कुमार, जगदीप सिंह, सुदेश जागलान, प्रीति देवी, सीमा रानी, किरण शर्मा, बबीता, दलबीर, विजय आदि आदि उपस्थित रहे।

वर्ल्ड रग्बी मैच दादरी में होगा

पानीपत। हरियाणा में रग्बी खेल को तकनीकी रूप से मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 22 अक्टूबर को चरखी दादरी में इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन रग्बी इंडिया द्वारा वर्ल्ड रग्बी मैच ऑफिशियल कोर्स आयोजित किया जाएगा। जिनमें पूर्व अंतरराष्ट्रीय रग्बी खिलाड़ी व वर्ल्ड रग्बी एजुकेटर प्रिया बिसला देसवाल तथा पंकज प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देंगे।

स्तन कैंसर के विरुद्ध जागरूक किया

पानीपत। पानीपत में जीटी रोड किनारे स्थित इंद्रप्रस्थ अस्पताल में स्तन कैंसर से बचाव के लिए प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.मणि गौतम, डा.शुचि सहगल, डा.रजनी की टीम ने महिलाओं में स्तन कैंसर होने वाली बीमारी से बचने व उनको जागरूक रहने की जरूरत बताई है। इंद्रप्रस्थ अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.मणि गौतम ने महिलाओं को महीने में एक बार अपने स्तनों को स्वयं देखना और महसूस करना उपयोगी बताया है। वहीं, इंद्रप्रस्थ अस्पताल के निदेशक डा. हरिओम गुप्ता ने बताया कि इंद्रप्रस्थ अस्पताल पानीपत क्षेत्र में अनुभवी डाक्टर नवीनतम तकनीक, विश्वस्तरीय सेहत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबंध है।

नशे के खिलाफ जन आंदोलन बनें सामाजिक-धार्मिक संस्थाएं: पंवार

अभिग्रह महोत्सव ने दिया सामाजिक जागरूकता का सशक्त संदेश: हरविंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय, नागरिक उड्डयन एवं राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि जैन समाज की ओर से अभिग्रह महोत्सव अत्यंत सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ-साथ लोगों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हैं। विपुल गोयल शुक्रवार को पानीपत में आयोजित अभिग्रह महोत्सव एवं नशा मुक्ति अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं तथा जैन समाज का इस प्रेरणादायक आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए संतों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि अभिग्रह महोत्सव जैसे आयोजन समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। महापुरुषों ने अपने जीवन और विचारों से मानवता को सही मार्ग दिखाया है। हमें उनके आदर्शों को अपनाते हुए अपनी जड़ों से जुड़े रहकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा हमारे सामने एक गंभीर समस्या और चुनौती दोनों है। इससे निपटने के लिए प्रत्येक परिवार को जागरूक होना होगा और युवाओं को नशे से बचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी।हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि अभिग्रह महोत्सव आत्मसंयम, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने वाला आयोजन है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जैन समाज और विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की ओर से किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए समाज की सामूहिक भागीदारी बेहद जरूरी है।



पानीपत। में विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को स्मृति चिंह भेंट करते हुए अशोक आर्य।

अभियान चलाया जा रहा

नशा मुक्ति अभियान तभी सफल होगा, जब सरकार के प्रयासों के साथ सामाजिक संस्थाएं, परिवार और युवा भी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। सरकार नशे के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चला रही है और इस दिशा में जनजागरण की अहम भूमिका है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति से ज्ञान के साथ कौशल विकास पर जोर

बच्चों की प्रतिभा, कौशल, नवाचार से भारत होगा विकसित: मंत्री



पानीपत। हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय, नागरिक उड्डयन एवं राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि देश के बच्चे ही वास्तविक हीरो हैं और उनकी प्रतिभा, मेहनत, नवाचार तथा संकल्प के बल पर वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार होगा। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के अवसर उपलब्ध करवाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखने के बजाय उनमें रचनात्मक सोच, तकनीकी समझ और व्यावहारिक कौशल विकसित करना जरूरी है। गोयल शुक्रवार को आर्य कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के तहत शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा तैयार की गई मानव रंगोली, चित्रकला और डिजिटल प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण रहा। इस अवसर पर 3200 बच्चों ने मानव रंगोली तैयार कर विकसित भारत की संकल्पना को प्रदर्शित किया। मंत्री ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से भविष्य के भारत की जिस तस्वीर को प्रस्तुत किया है, वह उनकी कल्पनाशीलता, जागरूकता और देश के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाती है।मंत्री गोयल ने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, जिला परिषद की अध्यक्ष ज्योति शर्मा आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। आईबी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ। फोटो : हरिभूमि

स्वयं को रचनात्मक बनाएं विद्यार्थी: डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कॉमर्स एसोसिएशन, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा ग्रीनोवेशन प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं रचनात्मकता के साथ किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, पुनः उपयोग तथा विकास की दिशा में नवीन एवं उपयोगी विचारों के लिए प्रेरित करना था। वहीं, विद्यार्थियों ने बेकार एवं अनुपयोगी वस्तुओं का पुनः उपयोग करते हुए विभिन्न पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों का निर्माण किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत उत्पादों में उनकी रचनात्मक सोच, नवाचार तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण केवल आवश्यकता ही नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि बेकार वस्तुओं से उपयोगी उत्पाद तैयार करना और स्वयं को रचनात्मक बनाएं विद्यार्थियों की रचनात्मकता के साथ-साथ उनमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करता है।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय पाल सिंह, माधवी डॉ. ज्योति गहलोत ने योगदान दिया। वहीं, प्रतियोगिता में राजीव, तनु, हर्षिता, वंदना, मैंसी, स्नेहा भूमि, पूजा, कशिश विजेता रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

उपभोक्ता विवाद फोरम ने बीमा क्लेम खारिज किया

पानीपत। पानीपत में जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एलआईसी से तीन लाख रुपये के बीमा क्लेम से जुड़े मामले में शिकायतकर्ता की याचिका खारिज कर दी। आयोग ने माना कि बीमा पॉलिसी लेते समय बीमित महिला ने अपने पूर्व इलाज और बीमारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्ताव फॉर्म में नहीं बताई थी। ये फैसला जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष डॉ. आरके डोगरा, सदस्य डॉ. रेखा चौधरी और विनीत कौशिक की पीठ ने सुनाया। समरणीय है कि पानीपत के जाटल रोड निवासी चिराग ने अपनी पत्नी डिंपी के नाम से एलआईसी की इंडेक्स प्लस-873 योजना के तहत 12 सितंबर सन 2024 को पॉलिसी ली थी। पॉलिसी की बीमित राशि तीन लाख रुपए थी। वहीं, पॉलिसी शुरू होने के महज 26 दिन बाद आठ अक्टूबर सन 2024 को डिंपी की मौत हो गई।

सार्थक टीम ने पानीपत सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया

अस्पताल में चौतरफा मिली अव्यवस्था पर नाराज हुई टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग से मिली एक 15 साल पुरानी मशीन पिछले 12 साल से खराब पड़ी है। जबकि स्वास्थ्य विभाग को इसकी सूचना वर्ष 2024 में दी गई। यह मामला प्रदेश स्तरीय सार्थक टीम के इंचार्ज डॉ. वीरेंद्र यादव के औचक निरीक्षण के दौरान सामने आया है। वहीं, डॉ. वीरेंद्र यादव ने संबंधित डॉक्टर्स व विभागाध्यक्षों को फटकार लगाई। अस्पताल में बंद मशीनों, सफाई के अभाव और अन्य अनियमितताओं को देखते हुए उन्होंने अस्पताल का ऑडिट कराने के आदेश दिए। स्मरणीय है कि डॉ. वीरेंद्र यादव टीम के साथ गुरुवार को अस्पताल पहुंची थी, शुक्रवार की सुबह से दोबारा निरीक्षण शुरू किया गया। टीम ने हड्डी रोग और नेत्र रोग विभाग समेत अस्पताल के हर विभाग का जायजा लिया। इस दौरान मशीनों की स्थिति, सफाई व्यवस्था और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की पड़ताल की गई। कई जगह खामियां मिलने पर डॉ. यादव ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा। चिकित्सकों से पूछताछ में पता चला कि वर्षों से खराब मशीन की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को सन- 2024 में दी गई।



छात्र संघ के चुनाव को लेकर आंदोलन कर रहे देशवाल व जैलदार नजरबंद

मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने पर अड़े छात्र नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

छात्र संघ के प्रत्यक्ष चुनाव बहाल कराने की मांग को लेकर शुक्रवार की सुबह मुख्यमंत्री नायब सैनी को आर्य कॉलेज में ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे इनसो के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज देशवाल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र जैलदार को पुलिस ने घर पर नजरबंद कर दिया। हालांकि सीएम सैनी का पानीपत कार्यक्रम रद्द होने के बादवजूद भी पुलिस शुक्रवार के तडके बलराज देशवाल व राजेंद्र जैलदार के निवासों पर पहुंच गई और दोनों को घर पर ही नजरबंद कर दिया। इधर, पुलिस की इस कार्रवाई पर बलराज देशवाल ने सवाल उठाते हुए कहा कि वे छात्रों की समस्याओं और छात्र लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के समक्ष रखना चाहते थे। वहीं, छात्र संघ के प्रत्यक्ष चुनाव बहाल होना विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों और प्रतिनिधित्व से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इनसो विद्यार्थियों की आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए ज्ञापन सौंपना चाहती थी, वहीं, पुलिस की कार्रवाई के कारण वे अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए नहीं निकल सके। छात्र नेता राजेंद्र जैलदार ने कहा कि छात्रों की आवाज उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है इनसो प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बहाल कराने और विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान की मांग को आगे भी मजबूती से उठाती रहेगी। विद्यार्थियों को अपनी बात रखने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक मंच मिलना चाहिए प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव विद्यार्थियों को अपना प्रतिनिधि चुनने और अपनी आवाज बुलंद करने का अवसर देते हैं।





पानीपत। हाउस अरेस्ट इनसो के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज देशवाल। व हाउस अरेस्ट इनसो के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र जैलदार।

पूर्वजों के प्रति सम्मान की भावना है श्रद्धा पर्व: डॉ. आहूजा



पानीपत। विश्व जागृति मिशन मंडल पानीपत द्वारा 11 अक्टूबर को श्री सोमनाथ धाम आश्रम, निमरी में श्रद्धा पर्व का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय लक्ष्मी पालीवाल करेंगी। कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु डॉ. अर्चिका दीदी श्रद्धा पर्व के आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी देगी। इस संबंध में विश्व जागृति मिशन मंडल पानीपत के प्रधान डॉ. जगजीत आहूजा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्धा पर्व भारतीय संस्कृति में अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और स्मरण का पर्व है। यह हमें अपने माता-पिता एवं पूर्वजों के प्रति सम्मान व्यक्त करने तथा उनके दिए संस्कारों और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा केवल एक कर्मकांड नहीं, बल्कि अपने पूर्वजों के प्रति प्रेम, कृतज्ञता और सम्मान की भावना है। उन्होंने बताया कि श्रद्धा पर्व के अवसर पर आध्यात्मिक कार्यक्रम के साथ निःशुल्क मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। विश्व जागृति मिशन मंडल के महामंत्री गिरीश अरोड़ा ने कहा कि श्रद्धा पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपने संस्कारों, परिवार और पूर्वजों से जोड़ने का अवसर है। इस अवसर पर आरएन रावल, इंद्र चुघ, यशपाल चौधरी, गिरीश अरोड़ा, भीम डुडेजा, कांता छाबड़ा, नीलम दत्ता, रमेश झींगड़ा, रमेश आर्य आदि उपस्थित रहे।

फ्लाइंग क्लब ने 1100 पौधे रोपे

- पानीपत में 48वें नैनो जंगल का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

फ्लाइंग क्लब द्वारा गांव अजीजुल्लापुर के पास मुख्य सडक़ के किनारे 48वें नैनो जंगल का 1100 पौधे लगाकर शुभारंभ किया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा रहे। वहीं राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजीजुल्लापुर के विद्यार्थियों ने अपने कर कमलो द्वारा पौधारोपण किया। मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने नीम, पीपल व बड़ की त्रिवेणी लगाई गई । मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म के उपलक्ष में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान को गति मिली है। फ्लाइंग क्लब ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में पौधरोपण स्कूली बच्चों से कराकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। वृक्ष आज हमारी आवश्यकता बन गए हैं। इसलिए अपने वातावरण को शुद्ध रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना जरूरी है। फ्लाइंग क्लब के प्रधान नितिन अरोरा ने स्कूली बच्चों एवं अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज यह 48वें नैनो जंगल का शुभारंभ किया गया है। इससे पहले 47 नैनो जंगल विकसित हो चुके हैं। अब तक क्लब 92 हजार पौधे लगा चुका है। इस अवसर पर वार्ड नंबर एक की पार्षद अनीता परूथी के पति सुरेंद्र परूथी ,अंसल सुशांत सिटी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान राजीव जैन, लक्की अरोड़ा, दीपक बजाज, विक्टर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विक्रम गांधी, अजीजुल्लापुर राजकीय माध्यमिक विद्यालय से मुख्य अध्यापक रामकरण, संदीप कपूर, कपिल भटनागर, सुनील शर्मा व देवेंद्र संधू प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पानीपत। फ्लाइंग क्लब के पदाधिकारी नैनो जंगल में पौधे रोपते हुए। फोटो : हरिभूमि

अनाज मंडी में लोक दलियों में तू-तू-मैं-मैं



पानीपत। पानीपत की बाबरपुर अनाज मंडी में किसानों की समस्याएं सुनने पहुंचे इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच उस समय हाई-वोल्टेज ड्रामा खड़ा हो गया, जब किसानों का मुद्दा दरकिनार कर नेता खुद आपस में ही भिड़ गए। इनके बीच जमकर तू-तू-मैं-मैं हुई। वहीं, विवाद किसी जनहित की समस्या पर नहीं, बल्कि मीडिया के कैमरों के सामने फोटो खिंचवाने और मुख्य फ्रेम में आने की होड़ को लेकर शुरू हुआ। स्मरणीय है कि शुक्रवार को इनेलो की जिला स्तरीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक टीम बाबरपुर मंडी में किसानों की समस्याएं जानने के लिए पहुंची थी। मंडी में पहुंचकर जब एक स्थानीय नेता मीडियाकर्मियों के सामने बयान देने लगा, तो साथ मौजूद अन्य नेताओं में छटपटाहट शुरू हो गई। दूसरे नेताओं को लगा कि अगर एक ही नेता मीडिया में बोलता रहेगा, तो बाकी का नाम और चेहरा गायब हो जाएगा। इसी बीच कुछ कार्यकर्ताओं ने सुझाव दिया कि बहसबाजी की बजाय सभी नेता एक साथ खड़े होकर ग्रुप फोटो खिंचवा लेते हैं। वहीं, फोटो खिंचवाने के सुझाव के साथ ही फ्रेम में आगे खड़े होने और अपनी मौजूदगी दर्ज कराने को लेकर विवाद और गहरा गया। देखते ही देखते जिला स्तरीय नेताओं के बीच खींचतान इतनी बढ़ गई कि वे मर्यादा भूलकर एक-दूसरे को खरी-खोटी सुनाने लगे।

वादे के बावजूद जियो ने सेल ऑन व्हील्स टावर नहीं लगाया

कचहरी परिसर में कमजोर मोबाइल नेटवर्क पर कोर्ट सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के कोर्ट परिसर में मोबाइल फोन नेटवर्क की बदहाल स्थिति से आहत वरिष्ठ अधिवक्ता अमित राठी द्वारा दायर याचिका पर स्थायी लोक अदालत ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट परिसर में सिग्नल सुधारने के लिए रिलायंस जियो द्वारा सेल ऑन व्हील्स टावर स्थापित करने के मामले में प्रगति रिपोर्ट (स्टेटस रिपोर्ट) पेश नहीं करने पर कोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई है। स्थायी लोक अदालत की चेयरपर्सन सुखविंदर कौर और सदस्य सुमित तुली की पीठ ने वकील राठी द्वारा दायर याचिका पर रिलायंस जियो के संबंधित ब्रांच मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 16 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए है। स्मरणीय है कि पानीपत के अदालत व कचहरी परिसर में लंबे समय से मोबाइल कनेक्टिविटी और इंटरनेट नेटवर्क बेहद खराब चल रहा था। इस वजह से वकीलों को अदालती कार्यवाही, ई-फाइलिंग और मुवक्किलों से बात करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या का कोई समाधान न निकलने पर एडवोकेट अमित कुमार ने उपभोक्ता हित में रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड के खिलाफ स्थायी लोक अदालत में मामला दायर किया था। स्मरणीय है कि स्थाई लोक अदालत ने 29 जुलाई को इस मामले की सुनवाई करते हुए रिलायंस जियो की ओर से उपस्थित असिस्टेंट मैनेजर महावीर ने अदालत में संशोधित प्रस्ताव पत्र और जिला बार एसोसिएशन पानीपत की अनुमति पत्र की कॉपी जमा कराई थी। उन्होंने कोर्ट के समक्ष बयान दिया था कि सेल ऑन व्हील्स टावर लगाने की पूरी प्रक्रिया को पूरा करने में करीब तीन महीने का समय लगेगा। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट को यह भरोसा भी दिलाया था कि कंपनी टावर लगने तक हर महीने काम की प्रगति संबंधी स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल करती रहेगी।



ब्रांच मैनेजर को नोटिस जारी किया

जियो कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर के बयान के अनुसार, टावर लगाने की तीन महीने की समय-सीमा 29 अक्टूबर को पूरी हो रही है। जबकि 28 सितंबर को हुई सुनवाई के दौरान जब रिलायंस जियो के वकील करण सिंह पन्नू ने कोर्ट को बताया कि टावर लगाने की प्रक्रिया जारी है, तो कोर्ट ने पाया कि आश्वासन के बावजूद कोई आधिकारिक स्टेटस रिपोर्ट फाइल नहीं की गई है। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए ब्रांच मैनेजर को नोटिस जारी कर दिया। अब 16 अक्टूबर को मैनेजर को कोर्ट में उपस्थित होकर रिपोर्ट और देरी का कारण स्पष्ट करना होगा।

भीम घोड़ा सेवादल ने निकाली भव्य शोभायात्रा

पानीपत। भीम घोड़ा सेवादल की ओर से शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।धार्मिक माहौल के बीच श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।शोभायात्रा में बच्चों ने भगवान के विभिन्न स्वरूप धारण किए।भगवान के स्वरूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया।बच्चों ने धार्मिक वेशभूषा में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।



इसराना में बनेगा कश्यप भवन

इसराना। हरियाणा कश्यप राजपूत सभा के जिलाध्यक्ष कश्मीर कश्यप की अध्यक्षता में इसराना में कश्यप समाज की मीटिंग हुई। जिसमें हरियाणा कश्यप राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष समय सिंह कश्यप ने शिरकत की।

श्री राम रथ यात्रा महोत्सव

पानीपत। श्री विजय दशमी पर श्री हनुमान सभा भाटिया कॉलोनी द्वारा इस वर्ष पहली बार श्री राम रथ यात्रा महोत्सव का भव्य एवं विशाल आयोजन किया जा रहा है। श्री गणेश मंदिर सेवा समिति की भी आयोजन में मुख्य भूमिका रहेगी। वहीं, श्री राम रथ यात्रा का शुभारंभ मॉडल टाउन क्षेत्र में प्रमोद विज के निवास के सामने से होगा। सुमित ठकराल ने कहा कि दशहरे के अवसर पर पहली बार आयोजित हो रही है।

खबर संक्षेप

डीसी ने शैक्षणिक गतिविधियों की ली जानकारी

अंबाला। उपायुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर सरकारी स्कूलों में क्रियान्वित कि जा रही शैक्षणिक गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। बच्चों की शिक्षा को ओर गुणवत्तापूर्ण बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बैठक में स्कूलों के तहत बाल वाटिका, मिड-डे मील, उल्लास, निपुण भारत मिशन, राष्ट्रीय साधन-सह योग्यता छात्रवृति योजना(एनएमएमएस), ज्ञान संस्कार, मिशन बुनियाद, सुपर-100 तथा सुपर-40, मानक अवार्ड, कुशल बिजनेस चैलेंज, प्रोजक्ट विश्वास व सिविल वर्क कार्यों के साथ अन्य स्कूलों से जूडे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर किए जा रहें कार्यों की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए।

शिविर में छात्रों को दी कानूनी जानकारी

अंबाला। हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों व जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में एक विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, डीएलएसए की देखरेख में आयोजित किया गया। यह कानूनी जागरूकता शिविर विश्वास पब्लिक स्कूल, सेक्टर 10, अंबसला शहर में आयोजित किया गया। इसका संचालन डीएलएसए की लीगल एड काउंसिल (कानूनी सहायता अधिवक्ता) एडवोकेट सारू जस्सी द्वारा किया गया। इस शिविर में स्कूल के लगभग 80 छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और लाभ उठाया।

सेवा सेतु में एसडीएम ने किया अवलोकन

अंबाला। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के मार्गदर्शन में रेलवे ऑडिटोरियम अंबाला छावनी में सेवा सेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम कनिका गोयल ने भी कार्यक्रम में स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई।

एसडीएम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है।

उपायुक्त ने जरुरी चीजें उपलब्ध करवाने के निर्देश

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों, पोषण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पॉक्सो, वन स्टॉप सेंटर, ऑब्जर्वेशन होम एवं शेल्टर होम सहित विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में साफ-सफाई, बिजली, स्वच्छ पेयजल, शौचालय सुविधाएं उपलब्ध करवाने के आदेश दिए।

कृषि मंत्री ने मंडियों का मुआयना कर व्यवस्थाओं को जांचा, दिए निर्देश

धान खरीद प्रक्रिया में नहीं आनी चाहिए दिक्कत, समय पर हो उठान : राणा

श्याम सिंह राणा ने एमएसपी पर धान खरीद, साफ-सफाई, बरदाने की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। धान की ढेरी पर नमी के स्तर को जांचते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को अंबाला शहर, साहा और मुलाना स्थित अनाज मंडियों का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में किसानों के लिए किए गए प्रबंधों, धान की आवक, खरीद, उठान और भुगतान सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। धान खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से और निर्धारित नियमों के अनुसार सुनिश्चित किया जाए।

कृषि मंत्री ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान खरीद, साफ-सफाई, बारदाने की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था तथा किसानों, मजदूरों और अन्य लोगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने धान की ढेरियों का निरीक्षण कर नमी (मॉइस्चर) के स्तर की भी जानकारी ली। निर्देश दिए कि निर्धारित नमी मानकों के अनुसार ही धान की खरीद की जाए।। इस दौरान साहा मंडी किसानों एवं अन्य संबंधित लोगों ने मंडी में अटल कैंटीन खुलवाने तथा प्रवेश द्वार के रास्ते को दुरुस्त करवाने की मांग रखी। कृषि मंत्री ने सभी मांगें लिखित रूप में देने को कहा ताकि उनका जल्द समाधान करवाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद के बाद धान का उठान समय पर सुनिश्चित किया जाए ताकि मंडी में फसल का अनावश्यक भंडारण न हो और किसानों को अपनी अगली फसल मंडी में लाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

गेट पास व्यवस्था व सीसीटीवी प्रबंध सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों, आढ़तियों, राइस मिलरों और अन्य संबंधित लोगों को खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने गेट पास व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक सभी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मंडी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, आढ़तियों और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि यदि धान खरीद के दौरान किसी प्रकार की परेशानी सामने आती है तो अधिकारी और संबंधित पक्ष उन्हें अवगत करवाएं, ताकि उसका शीघ्र समाधान किया जा सके।

फसल खरीद से लेकर भुगतान तक आपसी तालमेल से करे कार्य

उन्होंने कहा कि खरीद से लेकर उठान और भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया में संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें, ताकि किसानों को समय पर सुविधाएं मिल सके। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की सुविधा और उनकी फसल की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंडियों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना और खरीद प्रक्रिया की लगातार निगरानी करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसानों को किसी भी स्तर पर परेशानी न हो। इस अवसर पर एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, नायब तहसीलदार सतिंदर, मार्केट कमेटी चेयरमैन जशमेर राणा, मार्केट कमेटी चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाडा, वाइस चेयरमैन गुलशन कालडा, मंडल अध्यक्ष संजीव सैनी, मंडल महामंत्री राहुल अग्रवाल, मंडी एसोसिएशन प्रधान मक्खन लाल गोयल, मंडी सचिव कृष्ण कुमार मलिक, मंडी एसोसिएशन प्रधान सुच्चा सिंह, मार्किट सचिव दलेल सिंह के साथ आढती, किसान व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दुकान का शेड हटाने गई निगम की टीम का विरोध



अंबाला। दुकान के आगे से शैड हटाती नगर निगम की टीम।

- जर्जर ईमारत को लेकर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप, बीआई बोले जल्द दिया जाएगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के नदी मोहल्ला में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को दुकानदार के विरोध का सामना करना पड़ा। दुकान के शैड और थड़े पर कार्रवाई के दौरान दुकानदार ने पास में बनी जर्जर इमारत का मुद्दा उठाते हुए निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। दुकानदार का कहना है कि निगम अतिक्रमण हटाने के लिए तो पहुंच गया, लेकिन पास की जर्जर इमारत की हालत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने आशंका जताई कि इमारत का मलबा या कोई हिस्सा गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। नगर निगम के बिल्डिंग इंस्पेक्टर का कहना है कि अतिक्रमण हटाने से पहले दुकानदार को नोटिस दिया गया था। व्यक्तिगत रूप से भी समझाया गया था। दुकानदार ने आरोप लगाया कि उसे शैड हटाने के लिए पहले कोई नोटिस नहीं मिला था। उसके अनुसार, उसने अपनी दुकान का छज्जा पहले ही तोड़ दिया था, लेकिन बाद में निगम की टीम ने शेड और थड़े को भी अतिक्रमण बताते हुए कार्रवाई की बात कही। दुकानदार ने सवाल उठाया कि यदि सड़क पर अन्य दुकानों के बाहर भी शैड लगे हैं तो कार्रवाई केवल उसकी दुकान पर ही क्यों की जा रही है। दुकानदार ने पास की जर्जर इमारत की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि उसकी हालत काफी खराब है और वहां से पत्थर गिरने के कारण उसे पहले चोट भी लग चुकी है। उसने बताया कि इस संबंध में निगम को शिकायत और आवेदन भी दिया था लेकिन उसे कोई राहत नहीं मिली। नगर निगम के बिल्डिंग इंस्पेक्टर ने दुकानदार के आरोपों पर कहा कि शैड और थड़े को लेकर मामला चल रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित दुकानदार को नोटिस दिया गया था और व्यक्तिगत रूप से भी मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। उनके अनुसार कानूनी प्रक्रिया के तहत शैड और थड़े पर कार्रवाई करना जरूरी था। इसी वजह से कार्रवाई की गई है।

शिविर में 54 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

- आईटीआई बराड़ा एट होली में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते एसडीएम।

रोटरी क्लब की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बराड़ा एट होली में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में कुल 54 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का ऐसा कार्य है, जिससे किसी अनजान जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। दुर्घटना, ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों के दौरान रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। उन्होंने रोटरी क्लब की ओर से सामाजिक सरोकारों के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना की। रोटरी क्लब प्रधान बलकार सिंह ने कहा कि क्लब का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि लोगों में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना भी है। रक्तदान शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि क्लब भविष्य में भी जनहित और मानव सेवा से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा। आईटीआई प्रिंसिपल अश्वनी कुमार ने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवन की उम्मीद बन सकता है। इसलिए स्वस्थ लोगों को चिकित्सकीय दिशा-निर्देशों के अनुसार समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

सगे भाइयों ने क्रेडिट कार्ड के जरिए की तीन लाख की ठगी, केस दर्ज

- अमेरिकन टूरिस्टर कंपनी की सी एंड एफ दिलवाने का दिया था लालच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सेना की कैंटीन में कार्यरत दो भाइयों की ओर से अपने ही परिचित के साथ व्यापार कराने और क्रेडिट कार्ड से लाखों रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरोपियों ने पीड़ित को अमेरिकन टूरिस्टर कंपनी का सी एंड एफ एजेंट बनाने का झांसा देकर बैंक लोन, क्रेडिट कार्ड बिल और अपनी निजी देनदारियां चुकवाईं। इसके अलावा आरोपियों पर भारतीय सेना की कैंटीन से सब्सिडी वाला सामान फर्जी नामों से खरीदकर खुले बाजार में बेचने और सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी श्याम कुमार शर्मा और उसके भाई राम किशोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। अंबाला कैंट के टिंबर मार्केट के रहने लो अनुज धीर ने बताया कि आरोपी श्याम कुमार शर्मा सेना कैंटीन में अमेरिकन टूरिस्टर कंपनी का कर्मचारी है जबकि उसका भाई राम किशोर सेना कैंटीन में सफारी कंपनी में तैनात है। फरवरी 2024 में दोनों भाइयों ने उन्हें अमेरिकन टूरिस्टर का सी एंड एफ एजेंट बनवाने का लालच देकर झांसे में लिया था।

सब्सिडी वाले सामान की कालाबाजारी की

पीड़ित अनुज धीर ने पुलिस को सौंपे शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाया कि दोनों भाई एक बड़ा अवैध नेटवर्क चलाते हैं। वे अपनी पहचान और दूसरों के क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग कर सेना की कैंटीनों से रियायती दरों पर मिलने वाला सामान फर्जी नामों से खरीदते हैं और उसे खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध मुनाफा कमाते हैं। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो जल्द ही आरोपियों को काबू किया जाएगा।



2.80 एकड़ में विकसित की जा रही थी अवैध कॉलोनी, योजनाकार के दस्ते ने की तोड़फोड़

अंबाला। जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अंबाला छावनी के अर्बन एरिया के गांव जनेतपुर में लगभग 2.80 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में तोड़-फोड़ की कार्रवाई की है। इस दौरान अवैध कालोनी में बने हुई नींव व कच्ची सडक़ों के जाल को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम नगर योजनाकार गुंजन वर्मा, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र तथा हरियाणा राज्य प्रर्वतन ब्यूरो के एसएचओ पुलिस बल के साथ मौजूद थे। नगर योजनाकार गुंजन वर्मा ने आमजन से अपील की है कि वे भूमालिक एवं प्रॉपट्री डीलरों के झांसे में न आएं। ये लोग अवैध कॉलोनियों में झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदना व बेचना पूरी तरह से गैरकानूनी है।

सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पात्रों को मिलना चाहिए लाभ : विधायक

- विधायक शैली चौधरी ने शिविर का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



नारायणगढ़। स्टाल का अवलोकन करती विधायक शैली चौधरी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को विधायक शैली चौधरी ने गांव पिलखनी में सेवा सेतु कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य अतिथि का यहां पहुंचने पर बीडीपीओ साहा, सरपंच व अन्य ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। विधायक शैली चौधरी ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा सेवा सेतु कैंप में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करने के उपरांत उन्होंने कहा कि सेवा सेतु कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाना व उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करना है।

अमावस्या के अवसर पर सरस्वती तीर्थ पिहोवा में आज यातायात व्यवस्था में रहेगा बदलाव

पिहोवा। उपमंडल अधिकारी नागरिक राहुल कनवारिया ने अमावस्या के अवसर पर सरस्वती तीर्थ पिहोवा में श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए 10 अक्टूबर के लिए यातायात व्यवस्था के संबंध में आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार, पिहोवा चौक (सरस्वती गेट) से सरस्वती तीर्थ तक चार पहिया वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। सरस्वती तीर्थ की ओर आने वाले चार पहिया वाहनों को पिहोवा चौक से नगर पालिका की अंडरग्राउंड पार्किंग की ओर भेजा जाएगा। श्रद्धालुओं को वहां अपने वाहन खड़े करके पैदल तीर्थ तक जाना होगा। चिकित्सकीय कारणों से अथवा बच्चों के साथ चार पहिया वाहन में आने वाले श्रद्धालुओं को पिहोवा मुख्य चौक से अंबाला रोड तथा ड्रेन रोड के रास्ते सरस्वती तीर्थ तक जाने की अनुमति होगी। एसडीएम राहुल कनवारिया ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन, पुलिस तथा अन्य आपातकालीन वाहनों को प्रतिबंध से छूट रहेगी। यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए थाना शहर पिहोवा के एसएचओ को पिहोवा चौक पर बैरिकेडिंग लगाने और पुलिस कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, नगर पालिका के सचिव को अंडरग्राउंड पार्किंग चालू रखने तथा पार्किंग की दिशा बताने वाले सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यातायात संबंधी निदेशों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि अमावस्या के अवसर पर दर्शन एवं आवागमन की व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सुनवाई के लिए 2509 मामले लंबित

अंबाला। जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मिले नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आयोग द्वारा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित सुनवाई मामलों के शीघ्र निस्तारण, प्रभावी मॉनिटरिंग व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला में मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से फार्म 6, फार्म 7, फार्म 8 के तहत प्राप्त दावे व आपत्तियों की सूचियां राजनैतिक दलों के साथ सांझा की गई हैं। उन्होंने बताया कि अब जिला में कुल 2509 सुनवाई मामले लंबित हैं जिनका निस्तारण 28 अक्तूबर 2026 तक किया जाना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

22.5 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

अंबाला। सीआईए-नारायणगढ़ टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 22 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि गांव डेहर अंबली रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए घूम रहा है। पुलिस दल ने घेराबंदी कर आरोपी राहुल उर्फ लवली को धर दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से 22 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की गई। अब पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

हसला ने समयबद्ध तरीके से तबादला प्रक्रिया करने की मांग की

चार साल में 4 बार बदला शेड्यूल, तबादलों का इंतजार

नियमित तबादला नहीं होने से प्रदेश के करीब 40 हजार शिक्षक अस्थायी स्टेशनों पर कर रहे कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



संदीप खोखर, राज्य सचिव हसला।

कई शिक्षक मूल स्टेशन से 100 से 200 किमी दूर दे रहे है सेवा

हरियाणा में शिक्षकों की सामान्य तबादला प्रक्रिया में हो रही देरी अब हजारों शिक्षकों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। बार-बार ट्रांसफर पोर्टल खुलने और बंद होने तथा शेड्यूल में बदलाव के चलते शिक्षक असमंजस में हैं। पिछले चार वर्षों में करीब चार बार तबादला शेड्यूल जारी होने के बावजूद प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। इस स्थिति को देखते हुए हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) ने सरकार से अंतिम शेड्यूल जारी कर तबादला प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की मांग की है। राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि लंबे समय से नियमित तबादले नहीं होने के कारण प्रदेश के करीब 40 हजार शिक्षक अस्थायी स्टेशनों पर कार्य करने को मजबूर हैं। इनमें कई शिक्षक डेपूटेशन और अन्य अस्थायी व्यवस्थाओं के तहत अपने मूल स्टेशन से 100 से 200 किलोमीटर दूर सेवाएं दे रहे हैं। बार-बार बदलती व्यवस्था के कारण शिक्षकों को यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि उन्हें अपने मनचाहे या सुविधाजनक स्टेशन पर कब तक नियुक्ति मिल पाएगी।

शिक्षकों को एक दशक से इंतजार

जेबीटी शिक्षक पिछले करीब 10 वर्षों से सामान्य तबादलों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रदेश के कई स्कूलों में शिक्षकों की संख्या जरूरत से अधिक है, जबकि दूसरी ओर अनेक स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में रिक्त पदों और स्कूलों की वास्तविक जरूरत के अनुसार शिक्षकों का समायोजन किया जाए तो स्टाफ की कमी और अधिकता, दोनों समस्याओं को दूर करने में मदद मिल सकती है। हसला ने मांग की है कि जिन शिक्षकों का फिलहाल नियमित तबादला संभव नहीं है, उन्हें वर्ष 2022 की तर्ज पर डेपूटेशन या एडजस्टमेंट का विकल्प दिया जाए। इससे दूर-दराज के स्टेशनों पर कार्य कर रहे शिक्षकों को राहत मिल सकती है। जिन स्कूलों में शिक्षकों की जरूरत है, वहां उपलब्ध स्टाफ का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा।

स्पष्ट समय-सारिणी जारी करे सरकार

संदीप खोखर ने कहा कि ट्रांसफर पॉलिसी का उद्देश्य पारदर्शी व्यवस्था के तहत शिक्षकों को उनकी जरूरत और उपलब्ध रिक्त पदों के अनुसार उचित स्टेशन उपलब्ध कराना है। लेकिन बार-बार पोर्टल बंद होने और शेड्यूल बदलने से प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तबादलों की अंतिम समय-सारिणी स्पष्ट रूप से जारी की जाए और बिना अनावश्यक देरी के पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाए, ताकि शिक्षकों को बार-बार अनिश्चितता का सामना न करना पड़े।